अनाथ बच्चों की सहायतार्थ भ्रमण

आज दिनाँक 15/12/18 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय के कक्षा तीसरी से नवमीं तक की कक्षाओं के 41 विद्यार्थियों ने मिशनरी ऑफ चेरिटी शिशुभवन नेहरू नगर भोपाल जाकर कुछ सामग्री वितरित की। यह सामग्री आस–पास के विभिन्न क्षेत्रों से लाए गए । अनाथ बच्चों को दी गई जिन्हें उनके माता – पिता बेसहारा दुकानों , गलियों में छोड़ गए थे। इन बच्चों को सिस्टर्स ने कानूनन गोद लेकर उनकी परवरिश का दायित्व स्वयं सँभाला है। उनकी सहायतार्थ हमारे विद्यालय द्वारा बच्चों के लिए दाल, चावल , कॉपी , पेंसिल , रबर , साबुन आदि सहायक सामग्री प्रदान की गई ।
विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ विद्यालय की कोआर्डिनेटर सिस्टर निकिता एवं शिक्षक संजू मेवाड़े ने अपना अमूल्य योगदान दिया।